धमतरी ज़िले के दो उप स्वास्थ्य केंद्र गेदरा और गाड़ाडीह को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण-पत्र

चर्चा में क्यों?

28 नवंबर, 2022 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रदेश के तीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण-पत्र से नवाज़ा गया है। इनमें धमतरी ज़िले के दो उप स्वास्थ्य केंद्र गेदरा और गाड़ाडीह शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- मिली जानकारी के मुताबिक भारत सरकार द्वारा यह गुणवत्ता प्रमाण-पत्र स्वास्थ्य संस्थाओं को उनके द्वारा मरीजों को किये गए गुणवत्तापूर्ण और उच्च स्तरीय सेवाएँ प्रदाय करने के लिये दिया जाता है। इसके तहत ज़िला स्तरीय मूल्यांकन के बाद राज्य स्तरीय मूल्यांकन किया जाता है। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन के लिये स्वास्थ्य केंद्रों का नामांकन किया जाता है।
- इसी कड़ी में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर गाड़ाडीह और गेदरा का राष्ट्रीय दल ने 20 और 21 सितंबर को मूल्यांकन किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, लेबोरेटरी, जनरल एडमिनिस्ट्रेशन, राष्ट्रीय कार्यक्रम के विभिन्न बिंदुओं के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इसमें धमतरी ज़िले के उप स्वास्थ्य केंद्र गेदरा को 90 प्रतिशत और गाड़ाडीह को 94 प्रतिशत स्कोर मिला।
- इन संस्थाओं को प्रोत्साहन राशि के तौर पर हर साल दो लाख 25 हज़ार रूपये और प्रमाण-पत्र प्रदाय किया जाएगा, जिसका उपयोग संस्था द्वारा ज़रूरत के मुताबिक सेवाओं के विस्तार के लिये किया जाएगा।
- गौरतलब है कि इससे पहले धमतरी ज़िले के सिविल अस्पताल नगरी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चटौद को भी राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिल चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-quality-certificate